हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 जुलाई 2026

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री


देवरी-तनौद से खोरसी-भुईगांव मार्ग पोखर में तब्दील, आवागमन में हो रही परेशानी

4





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.c. NURSING

&

M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482

81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# पीएम आवास के लिए अब 12 मापदण्डों पर होगी छंटनी, कट सकते हैं हजारों नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री आवास के लिए शासन द्वारा 12 बिंदुओं पर मापदण्ड तय किया गया है। इसके आधार पर छंटनी का काम होना है। बताया जाता है कि इन मापदण्डों के आधार पर छंटनी होती है तो हजारों आवेदकों का नाम सूची से कट सकते है। वर्तमान में तकरीबन 1 लाख 40 हजार से अधिक लोगों का नाम सूची में शामिल है।

गौरतलब है कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभ देने बड़े पैमाने पर सर्वे कार्य किया गया। इस बीच शासन से जो गाइड लाइन जारी किया गया है। उसके मुताबिक 12 मापदंड तय किए गए है। इसके आधार पर आवेदकों के नाम की छंटनी होगी। बताया जाता है कि जिले में अब तक 1 लाख 40 हजार 845 लोगों का नाम प्रधानमंत्री आवास के लिए सूची में शामिल है। इनमें से 12 बिंदुओं पर यदि छंटनी होती है हजारों नाम कट सकते है।

## 1 लाख 40 हजार 845 लोगों का नाम है सूची में शामिल

### 12 हजार 773 मकान कार्य अधूरा

जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत वर्ष 2025 एवं 26 में पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत 16 हजार 899 मकान बनाऐ जाने का टारगेट रखा गया था। वहीं इस बीच यहां करीब 4 हजार 176 मकान निर्माण ही पूरा हो सका है। वहीं 12 हजार से अधिक मकान निर्माण कार्य आधा अधूरा पडा हुआ है, जिसके कारण गरीब लोगो को पक्के मकान नही मिल पा रहा है। ऐसे में उनकी परेशानी और भी बढ गई है। मकान पाने के लिए गरीबो को अभी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।




### मापदंडो के तहत लाभ

पीएम आवास योजना के तहत पात्रता के अनुसार लाभ दिया जाना है। नई सूची के तहत करीब 1 लाख 40 हजार 845 लोगो का नाम है। 12 मापदंड के तहत पात्रता के अनुसार लोगो को लाभ दिया जाएगा।

-गोकुल रावटे, सीईओ
जिला पंचायत
जांजगीर-चांपा

### पात्रता के नए मापदण्ड में ऐसे परिवार हो सकते हैं बाहर

इनमें पक्का घर छत की दीवार पक्का होने से योजना के लाभ से बाहर हो सकते है। कमरों की संख्या दो या फिर उससे अधिक नहीं होनी चाहिए। वाहनों की संख्या तीन या फिर चार से अधिक होने पर लाभ से बाहर हो सकते है। कृषि उपकरण ग्रामीणों के पास तीन या फिर उससे अधिक वाहन होने की स्थिती में योजना के लाभ से वंचित हो सकते है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 50 हजार या फिर उससे अधिक राशि निकालने वाले लोग योजना के लाभ से बाहर हो सकते है। सरकारी नौकरी ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो वह भी पात्रता के दायरे से बाहर हो सकते है। आयकर देने वाले परिवार, व्यवसायिक कर देने वाला परिवार, सीचिंत भूमि 2.5 एकड़ या उससे अधिक सीचिंत भूमि वाले परिवार, 5 एकड़ या उससे अधिक असीचिंत भूमि वाले परिवार भी दायरे से बाहर होंगे। ऐसे परिवार जिनके कोई भी सदस्य 15 हजार रुपए से अधिक कमाता हो वह भी प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के पात्रता से बाहर होंगे।

## खबर संक्षेप

### नाले में युवक ने लगाई छलांग नगर सैनिकों ने बचाई जान

**जांजगीर-चांपा।** बिलारी -कचंदा कांजी नाला में लगातार बारिश होने से पुल के ऊपर से लगभग 3 फीट पानी चल रहा है। पानी के तेज बहाव को देखते हुए पुल के ऊपर दोनों और सुरक्षा की दृष्टि से नगर सेना बचाव टीम तैनात की गई है। सोमवार 6 जुलाई को मधुकर बस सर्विस की बस आई। मौके पर तैनात टीम ने समझाइश देकर बस को वापस कराया। इसी दौरान बस का हेल्पर रामफल यादव उम्र 40 वर्ष हैंड पंप से पानी पीने जाने की बात कहते हुए नाले में छलांग लगा दी। तत्काल बचाव टीम द्वारा लगभग 1 किलोमीटर आगे ग्राम कोहका के पास उसे सुरक्षित बाहर निकाला।

### राशि आहरण एवं गबन मामले में सरपंच को हटाने की मांग

**जैजैपुर।** जैजैपुर छतदार चबुतरा निर्माण के नाम पर राशि आहरण एवं गबन मामले में ग्रामीणों ने सरपंच को हटाने की मांग की है। वहीं मामले की जांच कराने को लेकर कलेक्ट्रेट जनदर्शन में फरियाद भी लगाई गई है। शिकायत के अनुसार जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कैथा में 15 वें वित्त की राशि की राशि के माध्यम से बस स्टैंड कैथा में छतदार चबुतरा निर्माण के नाम पर सरपंच पति एवं सचिव के द्वारा 2 लाख 25 हजार की राशि आहरण कर ली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में नाली निर्माण, स्कूल मरम्मत के नाम पर लाखो रूपऐ का गबन सरपंच पति सरपंच सहीत सचिव के द्वारा किया गया है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सक्ती कलेक्टर एवं सीईओ से शिकायत करते हुए सरपंच को धारा 40 के तहत हटाने की मांग की गई है। इस संबंध में जनपद पंचायत जैजैपुर के सीईओ संदीप कश्यप का कहना है कि ग्राम पंचायत कैथा में छतदार चबुतरा निर्माण कार्य के नाम पर राशि गबन का मामला सामने आया है, जिसकी शिकायत प्राप्त हुई है। जांच करा के दोषियों के खिलाफ वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन प्रेषित कर कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर निगरानी रखने तथा सूचना आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

नगरवासियों की बढ़ी चिंता, व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# मटमैले पानी की सप्लाई से बढ़ा बीमारियों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

लगातार हो रही बारिश के बीच नगर में पेयजल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बारिश के बाद मटमैला पानी नल के माध्यम से घरों तक पहुंच रहा है। ऐसे में जल जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

नगर में गर्मी के दिनों में जहां पेयजल आपूर्ति की समस्या थी, वहीं बरसात लगते ही दूषित पानी सप्लाई की परेशानी शुरु हो गई है। टंकी से होते हुए मटमैला पानी नलों के माध्यम से घरों तक पहुंच रहा है। इससे लोगों में डायरिया, टायफाइड तथा अन्य जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन पर्याप्त निगरानी और आवश्यक उपचार नहीं होने से लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



नागरिकों ने बताया कि कई घरों में नलों से आ रहा पानी मटमैला दिखाई दे रहा है, जिससे लोग उसका उपयोग करने में भी संकोच कर रहे हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि जल शोधन प्रक्रिया को और प्रभावी बनाया जाए तथा पानी को स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यकतानुसार फिटकरी एवं अन्य जल शोधन उपायों का उपयोग किया जाए। साथ ही जल टंकी परिसर में वर्षा के गंदे पानी के प्रवेश को रोकने के लिए तत्काल स्थायी व्यवस्था की जाए। इस संबंध में जल प्रभारी का कहना है कि लगातार बारिश होने के कारण स्त्रोत का पानी मटमैला हो जाता है, इसलिए सप्लाई के पानी में भी हल्का मटमैलापन आ जाता है। हालांकि नागरिकों का कहना है कि केवल कारण बताना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाना चाहिए। नगरवासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि मटमैले और कड़वे पानी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। उनका कहना है कि यदि समय रहते पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो गंभीर खामियाजा पूरे नगर को भुगतना पड़ सकता है। नगरवासियों ने शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# नहर में गिरी इको कार बच्चों समेत 8 लोग घायल

## पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुटरा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ क्षेत्र में रविवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ग्राम कुटरा के पास एक इको कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। कार में बच्चों समेत कुल आठ लोग सवार थे, जो विवाह समारोह से लौटकर अपने घर जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार जिले के ग्राम लिमतरी का एक परिवार वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने रविवार की शाम ग्राम मेहंदा आया था। विवाह समारोह के बाद सभी अपनी इको कार में सवार होकर



रात में वापस बलौदा बाजार लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 11 बजे जब उनकी इको कार पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुटरा के पास अनियंत्रित होकर नहर पुल से नीचे गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कार में सवार लोग मदद के लिए आवाज लगाने लगे। उसी समय जांजगीर से लौट रहे कुछ लोगों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 और पामगढ़ पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जांजगीर से बलौदाबाजार को जोड़ने वाले इस मुख्य मार्ग पर स्थित नहर पुल के केवल एक तरफ ही सुरक्षा रेलिंग लगी हुई है, जबकि दूसरी ओर रेलिंग नहीं होने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# भारी बारिश से घरों में घुसा पानी पेड़ गिरने से उजड़ा आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में लगातार हो रही तेज बारिश ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही तेज बारिश से घरों में पानी घुस गया है। वहीं कई जगहों पर पेड़ भी गिरे। एक विशालकाय पेड़ गरीब के आशियानें पर गिरा, जिससे मकान ढह गया।

**खास बात**

- शुरुआती बरसात में ही जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

बारिश का कहर बम्हनीडीह में देखने को मिल रहा है। तेज रफ्तार से लगातार हो रही बारिश के बाद वार्ड क्रमांक 4 में देर रात लक्ष्मी महंत के मकान पर विशाल पीपल का पेड़ गिर पड़ा। उस समय घर के भीतर परिवार के 4 से 5 सदस्य सो रहे थे। हादसे में एक सदस्य पेड़ के नीचे दब गया, जिसे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। उसे मामूली चोट आई । पेड़ गिरने से मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गरीब परिवार रातोंरात बेघर हो गया। वहीं नगर के अन्य वार्डों में भी बारिश का असर देखने को मिला, जहां कई घरों में पानी भरने से लोगों का सामान खराब हो गया और रातभर बिजली व्यवस्था भी प्रभावित रही। लगातार हो रही बारिश के कारण नगर के कई हिस्सों में पुराने पेड़ों के गिरने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। लगातार बारिश के चलते वार्ड क्रमांक 2 में मनोज जायसवाल के घर के अंदर पानी घुस गया। अचानक घर में पानी भरने से परिवार में अफरा-तफरी मच गई। घर के भीतर रखा घरेलू सामान भी पानी में भीगकर खराब हो गया। नगर के अन्य निचले इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



मकान पर गिरा पेड़।

### रातभर बाधित रही बिजली व्यवस्था

बारिश और पेड़ गिरने की घटनाओं के कारण महंत मोहल्ला सहित नगर के कई हिस्सों में बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। कई स्थानों पर बिजली के तार टूटने से रातभर बिजली आपूर्ति बंद रही। लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी । बाद में संबंधित कर्मचारियों ने लगातार प्रयास कर बिजली व्यवस्था बहाल करने का काम शुरू किया।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.

New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप®

49 YEARS OF TRUST | 180+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA

निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर



दिनांक:

7 जुलाई से 11 जुलाई

समय:

मंगलवार से शनिवार

( प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक)

Khanna

▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट

▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

▶ स्पीच थेरेपी




PHILIPS Authorized dealer

9752 228 857 9659 455 455

बिलासपुर: शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001)

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

## खबर संक्षेप



### सद्गुरु कबीर प्रकट दिवस, चौका आरती और भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**कोरबा।** कबीरपंथियों के आस्था के प्रमुख केंद्र सद्गुरु कबीर साहब का प्रकट उत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धूमधाम एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इसी दिन सद्गुरु कबीर साहब काशी के लहरतारा तालाब में बाल स्वरूप में कमल पुष्प पर एक दिव्य प्रकाश पुंज के रूप में अवतरित हुए थे। करतला में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम गुरु महिमा पाठ के साथ की गई। इसके पश्चात कबीर पंथ की सनातन परंपरा के अनुसार सात्विक यज्ञ एवं आनंदी चौका आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान भोजन भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमुदाय और श्रद्धालुओं के बीच खीर-पूरी का प्रसाद मुख्य रूप से वितरित किया गया। इस दौरन आमीन माता महिला मंडल तथा करतला नवपाली के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस दौरान योगेश दास, महंत मंगल दास, लक्ष्मीशंकर, हरनारायण गुप्ता, गोविंद दास, कार्तिक दास, सहाल दास, प्रहलाद दास एवं मंजू मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### दुकान में लगी आग नहीं हुई जनहानि



**कोरबा।** शहर के मध्य मुख्य मार्ग में संचालित बंटी स्टोर्स के किनारे हिस्से में रविवार की शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही दुकान के किनारे शंकर होजियरी के बगल से तेज धुआं और आग लपटें उठने लगी। आसपास मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। बंटी स्टोर के संचालक, अप्सरा इलेक्ट्रॉनिक के संचालक व आसपास के लोगों ने सूझबूझ दिखाई और अग्निशमन यंत्र के जरिए आग को बढ़ने से रोका। अंततः आग पर काबू पाया गया जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट-सर्किट की आशंका जताई जा रही है जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

### सड़क पर गिरा सुखा पेड़ की टहनी घंटों बाद विद्युत व्यवस्था हो सकी बहाल



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार मुख्य मार्ग कृष्णा प्लाईवुड के समीप सराई का पेड़ जो बहुत पुराना होने के साथ साथ पूरी तरह से सुख चुकी है। स्थानीय ग्राम पंचायत, वन विभाग व विद्युत विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। शनिवार रात लगभग 11 बजे हल्की बारिश होने से सूखे पेड़ की डगाल टूट टूटकर विद्युत केबल पर गिरते हुए सड़क पर गिरा। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि इस दौरान कोई राहगिर या ग्रामीण वहां नहीं था अन्यथा किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। इस अलावा सड़क से गुजरते बाईक सवार, चार पहिया वाहन और यात्री बसें यदि इसकी जद में आती तो भी एक बड़ी घटना हो सकती थी। हरदीबाजार क्षेत्र में शनिवार की रात अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत विभाग की टीम मनीष राठौर के द्वारा सड़क बहाल व विद्युत आपूर्ति की गई। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। यदि संबंधित विभाग उक्त पेड़ को नहीं काटता है तो एक बड़ी घटना कभी भी हो सकती है।

**पुलिस ने 6 स्थायी वारंटी एवं 33 गिरफ्तारी वारंटी को न्यायालय में किया गया पेश**

कोरबा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। इसी कड़ी क्रम में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। 5 जुलाई पुलिस द्वारा सघन दबिश देकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान 6 स्थायी वारंटी एवं 33 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इस प्रकार कुल 39 वारंटियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी वारंटों के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे।

# मानसून की पहली फुहार के साथ कोरबा के जंगल में फेंका जाने लगा सीड बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बालको रेंज में वन प्रबंधन समिति व स्कूली बच्चों ने रोपण में लिया हिस्सा**

**खास बातें**
- एक लाख से अधिक सीड बाल फेंके जाएंगे वन क्षेत्र में
- खासतौर पर पहाड़ी इलाकों को किया गया बै चिन्हांकित



जिले में हरियाली की चादर ओढ़ने के लिए वन विभाग ने एक बेहतरीन और अनूठी पहल शुरू की है। मानसून की बारिश शुरू होते ही कोरबा वन मंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों में सीड बॉल पद्धति से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आगाज कर दिया गया है। पारम्परिक गड्ढे खोदकर पौधे लगाने के बजाय, इस आधुनिक और आसान तकनीक से इस साल जंगलों में 1 लाख से अधिक सीड बॉल फेंकने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

कोरबा वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश और मार्गदर्शन में इस अभियान को गति दी जा रही है। धरातल पर इसे सफल बनाने के लिए एसडीओ एसके सोनी और आरएस राठिया ने पूरी मुस्तैदी से जुटे हुए हैं। ये अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग कर सीड बॉल रोपण करवा रहे हैं, ताकि आने वाले समय में इसके शत-प्रतिशत परिणाम मिल सकें। इस हरित अभियान में बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी जयंत सरकार को उनकी टीम ने इस अभियान का आगाज रविवार से कर दिया है। बालको रेंज के विभिन्न जंगलों में स्थानीय वन प्रबंधन समितियों और स्कूली छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जोड़ा है। बच्चों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक जंगलों के खाली पड़े हिस्सों और पहाड़ों पर सीड बॉल फेंकने का कार्य किया गया। खेल-खेल में पर्यावरण संरक्षण का यह तरीका बच्चों के लिए भी कौतूहल और सीखने का एक बड़ा जरिया बन गया है। इस साल कोरबा वन मंडल में ही 1 लाख से अधिक सीड बॉल जंगल में फेंका जाएगा।

**छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ (महासंघ) की मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक**

# ओपीएस सहित अन्य मांगों पर शासन स्तर पर चर्चा के बाद निराकरण का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सीएम से मुलाकात करते बिजली कर्मचारी के पदाधिकारी।

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ (महासंघ) द्वारा छग राज्य विद्युत कंपनी में कार्यरत बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली सहित विभिन्न मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। महासंघ के द्वारा चलाए जा रहे आन्दोलन को कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा मिल रहे व्यापक समर्थन को देखते हुए 3 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चर्चा के लिए महासंघ को बुलाया।

भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के नेतृत्व में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास जाकर उनसे मुलाकात किया एवं पावर कंपनी में पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मुख्यमंत्री ने महासंघ के पुरानी पेंशन योजना बहाली सहित सभी ज्वलंत मुद्दों एवं समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए शासन स्तर पर चर्चा कराकर अनिवार्य रूप से समाधान करवाने हेतु महासंघ के मांग पत्र को शासन स्तर पर प्रेषित किया है। चर्चा के दौरान श्री जायसवाल ने पॉवर कंपनी में कर्मचारियों की भारी कमी एवं कर्मचारियों पर बढ़ते दबाव के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए नई भर्ती किए जाने की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की, जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही नियमित भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए जाएंगे, जिसके साथ ही आने वाले समय में पूर्व से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए परस्पर अवसर प्रदान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री से चर्चा एवं पूर्ण आश्वासन उपरांत महासंघ के द्वारा निर्णय लिया गया है कि महासंघ के ज्वलंत मांगों पर जब तक सार्थक परिणाम प्राप्त नहीं होता है, तब तक महासंघ द्वारा आंदोलन जारी रहेगा और 10 जुलाई को पॉवर कंपनी मुख्यालय, डंगनिया रायपुर में विशाल आमसभा, आक्रोश प्रदर्शन एवं चेतावनी ज्ञापन दिया जाएगा। जिसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर 17 अगस्त से पूरे प्रदेश में अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल किया जाएगा। महासंघ ने सभी से आह्वान किया है कि सभी वर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों के जायज मांगो के लिए महासंघ के इस आंदोलन में अपने एकता का परिचय देते हुए अधिक से अधिक शामिल होवें। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान महासंघ के प्रतिनिधिमंडल में भारतीय मजदूर संघ के अ.भा. मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अ.भा.विद्युत मजदूर महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रदेश महासंघ के अध्यक्ष संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिन्हा, महामंत्री नवरतन बरेठ, कोषाध्यक्ष कोमल देवांगन, संगठन मंत्री द्वय के.एन. यादव व पीयूष सिन्हा तथा कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे उपस्थित रहे।

**आंदोलन को मिल रहा व्यापक समर्थन : बरेठ**

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ (बीएमएस) के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने बताया कि महासंघ के द्वारा अपने उपरोक्त मांगो की पूर्ति के लिए कंपनी प्रबंधन को चरणबद्ध आंदोलन का नोटिस दिया गया है, जिसके प्रथम चरण में 1 से 30 जून तक पूरे प्रदेश में जनजागरण व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, तथा दूसरे चरण में 1 से 9 जुलाई तक सभी अलग अलग क्षेत्रीय मुख्यालयों एवं उत्पादन केंद्रों में आमसभा, प्रदर्शन व ज्ञापन देने का कार्यक्रम चल रहा है, जिस पर कर्मचारियों व अधिकारियों से व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री के साथ महासंघ की विस्तृत चर्चा हुई एवं उनके द्वारा पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया।

# हत्या के मामले में मुख्य आरोपी तुषार को पुलिस ने नागपुर से किया गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पूर्व दीपका क्षेत्र में रहने वाले एक दर्जन युवक बर्थडे पार्टी मनाने एक रिसार्ट में पहुंचे थे जहां नशे में दो दोस्तों के बीच कहासुनी हो गई थी और वहां से बाहर निकलते ही विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दूसरे युवक पर बोलेरो कैंपर वाहन चढ़ा दी थी जिससे उसकी मौके पर भी मौत हो गई थी। हत्या के वारदात के बाद आरोपी कैंपर वाहन लेकर फरार हो गया था। वारदात के बाद पुलिस की टीम तत्काल हरकत में आयी और नागपुर में दबिश देकर आरोपी को पुलिस ने कैंपर वाहन के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

**खास बातें**
- उरगा थाना क्षेत्र में बर्डडे पार्टी के दौरान हुई थी वारदात
- आरोपी द्वारा प्रयुक्त बोलेरो कैंपर वाहन को किया गया जब्त

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत लगभग एक दर्जन युवक 3 जुलाई को विकास हुड्डा का जन्म दिन मनाने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मीरा रिसार्ट पहुंचे थे। रिसार्ट में किसी बात को लेकर तुषार ढांडा एवं उज्ज्वल कुमार सिंह के बीच विवाद हो गया। चेक-आउट के बाद सभी साथी रिर्जाट के बाहर सड़क पर पहुंचे, जहां दोनों के बीच पुनः विवाद होने लगा। इसी दौरान आरोपी तुषार ढांडा अपने बोलेरो कैंपर वाहन में बैठा और वाहन को उज्ज्वल कुमार सिंह के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल उज्ज्वल कुमार सिंह को उसके साथियों द्वारा तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी तुषार ढांडा के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन की जा रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने नागपुर में दबिश दी और तुषार को गिरफ्तार कर लिया गया।

* **कोरबा।** मड़वाढोढ़ा में दो दिन से बिजली गुल रहने से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा की अगुवाई में ग्रामीणों ने बिजली सब स्टेशन का घेराव कर दिया। इस दौरान शहर डीई राजेश चौहान ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था सुधार को लेकर आश्वासत किया। व्यवस्था सुधार के आश्वासन पर आखिरकार ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। ग्राम मड़वाढोढ़ा व पुरेना में लगातार दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प होने से ग्रामीणों ने सब स्टेशन का घेराव कर दिया। रात 12 से गुल हुई बिजली दोपहर 2 तक बहाल हुई।

# तेज रफ्तार पिकअप मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलटा, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पेड़ से टकरा कर पलटी पिकअप वाहन।



घटना स्थल घायल महिलाएं।

रजगामार चौकी क्षेत्र में मजदूरों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गई। पिकअप में कुल 11 महिलाएं सवार थीं जिसमें से 4 महिलाओं को चोट आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। बताया जाता है कि तेज रफ्तार होने की वजह से पिकअप वाहन पलटी थी। पुलिस ने दुर्घटनाकारित पिकअप चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम दरगा व उसके आसपास निवास करने वाले कुल 11 महिला मजूदर रविवार की सुबह पिकअप क्रमांक सीजी 12 बीके 2631 में सवार होकर ग्राम दरगा से गोढ़ी स्थित एक कार्बन फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। ग्राम बनखेता के पास मोड़ पर पिकअप के चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे पलटकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। हादसे के होते ही पिकअप में सवार महिलाओं में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने पर रजगामार चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। चार महिला मजदूर गंभीर चोट आई थी जिसमें दरगा निवासी सुनिता, सरिता, केरवा निवासी उर्मिला कंवर, अंजली कंवर को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

# संगठन को मजबूत बनाने पर रहेगा जोर : नाथूलाल



संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा करते महामंत्री नाथूलाल व बजरंग शाही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बैठक में नहीं हुआ कोई निर्णय**

सूत्रों की मानें तो संगठन से जुड़े कई मुद्दों को श्री पांडेय व श्री शाही के समक्ष पदाधिकारियों ने रखा। जिस पर लंबी चर्चा भी हुई, लेकिन बैठक में किसी मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं हो सका। मुद्दों पर सहमति के मामले में यह बैठक बेनतीजा ही मानी जा रही है।

**खास बात**
- कोरबा हाउस में एचएमएस महामंत्री व अध्यक्ष ने ली बैठक

कोयला मजदूर सभा महामंत्री नाथूलाल पांडेय व अध्यक्ष बजरंग शाही कोरबा प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने एसईसीएल कोरबा हाउस में रविवार को संगठन के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही संगठनात्मक रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

रविवार को कोयला मजदूर सभा पदाधिकारियों के महामंत्री नाथूलाल पांडेय व अध्यक्ष बजरंग शाही ने बैठक ली। बैठक के दौरान श्रमिकों के हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती, मजदूरों की समस्याओं के समाधान तथा भविष्य की संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा श्रमिकों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया। बैठक में श्रमिक एकजुटता बनाए रखने और मजदूरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर सामूहिक रूप से कार्य करने का भी आह्वान किया गया। बैठक में गेवरा व दीपका क्षेत्र के अध्यक्ष रेशम लाल यादव, दीपका क्षेत्र महामंत्री तरूण राहा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत भलपहरी के ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व अधिकारी तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें वर्षों से बना कच्ची सड़क को रामाधार सतनामी द्वारा अपने बाहु बल से कब्जा कर लिया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने किया है। शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत भलपहरी मोहल्ला शिवपुरी की रहने वालों का है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक से मिलकर रोड के लिए आवेदन दिए है और उनके अनुमति से जहां कीचड़ होता है वहां पर हम लोगों ने मुरूम गिराए हैं। उसे बिना बताए रामाधार सतनामी पिता स्व. साधुराम ग्राम पंचायत भलपहरी के द्वारा कांटा छिडक रखा है।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

N-S-D-C National Skill Development Corporation
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।

लाइफ Style

# कृति
## ब्रेकअप की खबरें खारिज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुई। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।

देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।



हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

**लॉस एंजेसिल।** हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।




# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।




# फ्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

**लॉस एंजेलिस।** इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।

टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (**Eetha**) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है। आने वाली फ़िल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनों, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।



# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आईं है।




## पहले मिलता था कलाकारों को सुधार करने का मौका : मधु
# आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही होती हैं परफेक्ट

***मुंबई।** 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री मधु ने अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'फूल और कांटे', 'रोजा', 'जेंटलमैन' और 'योधा' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। वह लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं। मधु का मानना है कि उनके दौर की अभिनेत्रियों को खुद को निखारने और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने का समय मिलता था, जबकि आज की अभिनेत्रियों के सामने शुरुआत से ही खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती होती है।*

### अब जल्द आ जाता है नया चेहरा

मधु ने कहा, हम सभी का करियर काफी लंबा रहा। मैंने अपनी इच्छा से करीब 9 साल बाद फिल्मों से दूरी बना ली, लेकिन मेरी साथ की अभिनेत्रियां लगातार काम करती रहीं। उन्होंने समय के साथ खुद को बदला, नए किरदार अपनाए और दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए रखी। आज की अभिनेत्रियों को इतना लंबा समय नहीं मिल पाता। वे पहली ही फिल्म में बेहद खूबसूरत और पूरी तरह तैयार नजर आती हैं, कुछ फिल्में करती हैं और फिर उनके जगह पर कोई नया चेहरा आ जाता है।



### अभिनेत्रियों के सामने बड़ी चुनौती

मधु ने आगे कहा, हमारे समय का फायदा यह था कि शुरुआत में परफेक्ट न होने के बावजूद हमें खुद को साबित करने का मौका मिलता था। आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही परफेक्ट होती हैं, लेकिन उन पर पहली ही फिल्म से अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है। उन्हें काफी सपोर्ट मिलता है, लेकिन अगर पहली फिल्म में दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाईं तो उनके लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### हमें मिलता था दूसरा मौका

मधु ने अपना उदाहरण देते हुए कहा, अगर दर्शकों को हम पसंद नहीं आते थे, तो हमें दूसरा और तीसरा मौका भी मिलता था। मेरे 9 साल के करियर में हर फिल्म मेरे लिए सीखने का एक नया अवसर थी। मैं शुरुआत में उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे बेहतर होती गई। दर्शकों ने मुझे खुद को सुधारने का समय दिया। मेरी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में मैं बेस्ट नहीं थी, लेकिन लोगों ने मुझसे जुड़ाव महसूस किया। इसके बाद मुझे अपने अभिनय के साथ-साथ हेयरस्टाइल, मेकअप और स्क्रीन प्रेजेंस जैसी चीजों में भी सुधार करने का मौका मिला।

खबर संक्षेप

## सहकारी समिति द्वारा आयोजित शिविर में 17 ने किया रक्तदान



**चांपा।** सहकारी सप्ताह के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा चांपा और सारागांव के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सहकारी समिति मर्यादित चांपा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समिति और बैंक से जुड़े कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 17 लोगों ने रक्तदान कर 17 यूनिट ब्लड डोनेट किया। आयोजकों के मुताबिक, रक्तदान शिविर में रंजीत जोगी, संतोष कुमार सोनी, मुकेश कुमार, दुर्गेश, लोकेश कुमार साहू, संजय महंत, जितेंद्र राठौर, शिवलाल, पुष्पेंद्र सिंह, अभिषेक, चंद्रशेखर, दुजराम, अमित साहू, खगेश, मनोज साहू, योगेश साहू और हितेश ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सहकारी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी, शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, समिति प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, एल्डरमैन पवन पाठक, समिति अध्यक्ष पद्मेश शर्मा, पार्षद महेंद्र तिवारी और हरीश पांडे, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र ताम्रकार, संजय दुबे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अमित साहू, शाखा प्रबंधक मनोज तिवारी और प्रमोद वैष्णव समेत 12 समितियों के प्राधिकृत अध्यक्ष, प्रभारी संस्था प्रबंधक, विक्रेता, कंप्यूटर ऑपरेटर और कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सोनी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन समिति अध्यक्ष पद्मेश शर्मा ने किया।

## आकाशवाणी पर 12 जुलाई को प्रसारित होगा विद्यार्थियों का कार्यक्रम



**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा के विद्यार्थियों ने आकाशवाणी बिलासपुर केंद्र के लोकप्रिय एवं बच्चों का मनपसंद कार्यक्रम आओ बच्चों में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर के पाण्डेय एवं शिक्षिका वर्षा यादव के मार्गदर्शन में छात्रा अदिति रात्रे, सोनाली टंडन तथा छात्र अंकित नोर्गे, सुखनंदन बरेठ, उदय नारायण मइती और विद्यासागर ने क्रमशः बालिका शिक्षा, समय का सदुपयोग, विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, कहानी एवं कविता की प्रस्तुतियां दीं। छात्रा किरण निर्मलकर ने माई भारत द्वारा दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता के अनुभव साझा किए। वहीं छात्रा हेमा श्रीवास ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका के रूप में अपने अनुभवों को बताया।कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती वर्षा यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय के साथ स्वरचित कविता की भी प्रस्तुति दी। साथ ही छात्रों ने आकाशवाणी केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया तथा प्रसारण की गतिविधियों को नजदीक से जाना। उक्त कार्यक्रम की रिकॉर्डिंग सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है। इस कार्यक्रम का प्रसारण 12 जुलाई (रविवार) को आकाशवाणी बिलासपुर, 103.2 एफएम पर प्रातः 10 बजे किया जाएगा।

### निधन

## रामसिंह सिदार

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत मालखरौदा के प्रतिष्ठित नागरिक राम सिंह सिदार का 6 जुलाई को 82 वर्ष



की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा गायत्री परिवार से जुड़कर सेवा कार्य कर रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भाई बलराम सिंह,गिरिवर सिदार,पत्नी, दो पुत्र, तीन पुत्री तथा नाती पोतो से भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं।

17 किलोमीटर सड़क निर्माण को मिली मंजूरी छह माह बाद भी टेंडर नहीं

# देवरी-तनौद से खोरसी-भुईगांव मार्ग पोखर में तब्दील, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

देवरी, तनौद से खोरसी, भुईगांव, शुक्लाभाठा और ससहा तक जाने वाले 17 किलोमीटर लंबे मार्ग की स्थिति इन दिनों बद् से बद्तर हो चली है। मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने व उसमें पानी भरे होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पैदल चलना भी मुश्किल है, वहीं कार, बाइक और अन्य वाहनों से सफर करना जोखिम भरा हो गया है। छोटी-छोटी दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही हैं। राज्य शासन ने इस सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण को मंजूरी दे दी है, मगर छः माह बीत जाने के बाद भी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।

गौरतलब हैकि बारिश के दिनों में देवरी मोड़ से तनौद होते हुए भुईगांव तक की सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई है। खोरसी मिडिल स्कूल के पास तो सड़क ही तालाब में तब्दील हो गई है। कीचड़, जलभराव और उखड़ी सतह के कारण रोजमर्रा के काम, स्कूल-कॉलेज और अस्पताल आने-जाने में ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। छोटी-छोटी दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस मार्ग की स्थिति बेहद खराब है। सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पैदल चलना भी मुश्किल है, वहीं कार, बाइक और अन्य



खोरसी मिडिल स्कूल के पास जलमग्न सड़क और मार्ग के बने बड़े-बड़े गड्ढे।

वाहनों से सफर करना जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। 2025-26 के बजट में इस सड़क को शामिल भी किया गया था, लेकिन वित्तीय स्वीकृति और फंड जारी होने में देरी के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। आखिरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य शासन द्वारा इस सड़क के निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है, लेकिन छः माह बाद भी टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि टेंडर प्रक्रिया को तत्काल पूरा कर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाए ताकि लोगों को परेशानी से निजात मिल सके।

## स्कूली बच्चों के लिए मुसीबत बनी पिपरसत्ती की सड़क

**अकलतरा।** बरसात शुरू होते ही ग्राम पिपरसत्ती की सड़क ग्रामीणों, खासकर स्कूली बच्चों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। गांव के एक बड़े रिहायशी मोहल्ले को मुख्य सड़क से जोड़ने वाला यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो गया है। सड़क पर भरे पानी के बीच से रोजाना छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने के लिए मजबूरी में गुजरना पड़ रहा है, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या के स्थायी समाधान के नाम पर हाल ही में ग्राम पंचायत और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा सड़क के किनारे नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन जिस उद्देश्य से नाली बनाई गई थी, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। सड़क का पानी नाली में बह ही नहीं रहा है, जबकि नाली को भी खुला छोड़ दिया गया है। इससे जलनिकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है और खुले नाले ने बच्चों व राहगीरों के लिए एक नया खतरा पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य पूरा होने से पहले ही पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है।





## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यालय में 'स्मरण पक्ष' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक सफलता डॉ. मुखर्जी के विचारों और संघर्ष की जीत है। डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर राष्ट्रवादी राजनीति को नई दिशा दी तथा उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। जिला संगठन के सह प्रभारी श्री राजेंद्र वैष्णव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत की एकता और अखंडता के लिए था। उन्होंने उनके ऐतिहासिक उद्घोष एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना का जीवंत उदाहरण है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नंद चौधरी तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री श्रीमती नंदिनी रजवाड़े ने किया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चदेल, प्रशांत सिंह ठाकुर, चुन्नीलाल साहू, नंद चौधरी, जिला महामंत्री श्रीमती नंदिनी रजवाड़े, श्रीमती संतोषी दुबे, श्रीमती रेखा गढ़ेवाल, श्रीमती अर्चना देवांगन, डॉ. जागृति सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सहकार से समृद्धि अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सहकारिता विभाग द्वारा 29 जून से 6 जुलाई तक जिले में सहकारी सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सहकार से समृद्धि की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने, सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाने तथा किसानों, बुनकरों, मत्स्य पालकों एवं डेयरी क्षेत्र से जुड़े सदस्यों को सहकारिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया सम्मानित

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर सहकार से समृद्धि अंतर्गत प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यशाला में सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारी, संस्था प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक तथा विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में सहकारी संस्थाओं के प्रभावी संचालन, डिजिटलीकरण, पारदर्शिता, सुशासन तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सहकारी क्षेत्र में नवाचार, सदस्य सेवाओं में सुधार तथा संस्थाओं को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, मत्स्य सहकारी समितियों, डेयरी सहकारी समितियों एवं बुनकर सहकारी समितियों को सहकार प्रेरणा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने सहकारी संस्थाओं द्वारा किसानों एवं ग्रामीण समुदाय के आर्थिक विकास में दिए जा रहे योगदान की सराहना करते हुए सभी संस्थाओं को नवाचार, पारदर्शिता एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले प्रभारी संस्था प्रबंधकों, कंप्यूटर ऑपरेटरों, शाखा प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों को भी प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्हें सहकारी संस्थाओं के प्रभावी संचालन, डिजिटल सेवाओं के विस्तार, सदस्य हितों के संरक्षण तथा शासन की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सहकारी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहन तथा बेहतर कार्य संस्कृति विकसित करने का संदेश दिया गया।

## तीन दिनों तक चले पूजा अनुष्ठान के बाद जैन मंदिर में प्रतिमाएं स्थापित

**बलौदा।** तीन दिन के पूजा अनुष्ठान, विधान के पश्चात जैन मंदिर बलौदा में बेदी प्रतिष्ठा संपन्न हुई। जैन समाज का मंदिर अस्तित्व में आया। मंदिर की भव्य बेदी में मूलनायक 1008 श्रेयांस नाथ, आदिनाथ, विमलनाथ, अभिनंदन नाथ, मुनिसुव्रतनाथ, वासु पूज्य औरसंभव नाथ सहित कुल सात प्रतिमाएं विराजमान की गई। 3 जुलाई से 5 जुलाई तक चले भव्य समारोह में इंदौर से आए बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य अभय आदित्य के सानिध्य में याग मंडल विधान, शांतिनाथ महामंडल विधान, अभिषेक शांतिधारा आदि धार्मिक क्रियाएं हुई। रविवार को अग्रसेन भवन



हरदी बाजार रोड से सभी प्रतिमाओं के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस नवनिर्मित जैन मंदिर पहुंची। यहां सभी प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात मंदिर के मूलनायक 1008 श्री श्रेयांस नाथ भगवान को बेदी के मुख्य स्थान पर विराजमान किया गया और सभी प्रतिमाओं का भी विराजित किया गया। याग मंडल विधान में पात्र के रूप में सौधर्म इंद्र दीपक जैन प्राची जैन, महायज्ञ नायक अमितकांत जैन अलका जैन, कुबेर इंद्र केवल चंद जैन, विमला जैन, ईशान इंद्र यसंतोष जैन, महेंद्र इंद्र सिरेमल जैन मुन्नी जैन, सनत इंद्रराहुल जैन रोशनी जैन,यज्ञ नायक विनोद जैन सारिका जैन, प्रति इंद्र सुधीर जैन वर्षा जैन, प्रमोद जैन प्रीति जैन, राहुल जैन रहे।

## डीडीएस संकुल में सम्मान एवं विदाई समारोह आज

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत डीडीएस बिर्रा संकुल में मंगलवार 7 जुलाई को दोपहर में सम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम के संबंध में संकुल केंद्र डीडीएस के संकुल समन्वयक लखन लाल कश्यप ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से निवर्तमान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा हरिराम जायसवाल का सेवानिवृत होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन डीडीएस संकुल केंद्र में मंगलवार 7 जुलाई को दोपहर में रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश रमन सिंह जनपद सदस्य, विशिष्ट अतिथि के रूप में मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता श्रीमती पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा के द्वारा की जाएगी। यह विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में संकुल केंद्र सिलादेही एवं संकुल केंद्र बिर्रा और संकुल केंद्र डीडीएस ,तीनों संकुलों के द्वारा आयोजित किया गया है। सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाएं से इस विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## नगर विकास को नई गति देने पर मंथन

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आदेश के तहत नगर पालिका परिषद सक्ती में मनोनीत पांच एल्डरमैन (नामांकित पार्षद) दीपक गुप्ता, दादू केवट, सुमित शर्मा, सुषमा कसेर एवं सुशीला गबेल ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर नगर विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। नव मनोनीत एल्डरमेनों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, समर्पण और जनसेवा की भावना के साथ करेंगे। उन्होंने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प भी व्यक्त किया। सौजन्य भेंट के दौरान नगर पालिका परिषद सक्ती क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता व्यवस्था, सड़क, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने सहित विभिन्न जनहित के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नगर के विकास के लिए समन्वित प्रयासों पर भी विचार-विमर्श हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गवेल ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना और विकास कार्यों को प्राथमिकता देना उनकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वहीं मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल, प्रीतम गबेल ने भी सभी उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।







